NNS

बदलते भारत की सभ्य तस्वीर

मेरी दिल्ली

हंसराज कॉलेज में 'मेगा जॉब फेयर' का आयोजन

बड़ी संख्या में डिजिटल मार्केटिंग के छात्रों को मिली प्लेसमेंट

नई दिल्ली। कोरोना संकट के इस कठिन दौर में जहां हर कोई अपनी नौकरी बचाए रखने के लिए संघर्ष कर रहा है, वहीं डिजिटल मार्केटिंग का कोर्स कर रहे छात्रों के लिए हंसराज कॉलेज में मेगा जॉब फेयर का आयोजन किया गया। इस दौरान देश की शीर्ष एवं प्रतिष्ठित कंपनियों ने बड़ी संख्या में छात्रों को प्लेसमेंट के लिए चुना। इस जॉब फेयर में 8 कंपनियों एवं करीब 100 छात्रों ने हिस्सा लिया।

इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए हंसराज कॉलेज की प्राचार्या डॉ. रमा ने कहा कि वर्तमान तकनीकी दौर में डिजिटल मार्केटिंग के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। इसके माध्यम से युवा अपने कॅरियर को एक बेहतर मुकाम दे सकते हैं। उन्होंने जॉब फेयर में चयनित छात्रों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए इस सफल आयोजन में सहयोग के लिए जॉब फेयर में शामिल कंपनियों एवं स्किल नॉलेज पार्टनर अपार इंडिया ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस के फाउंडर चेयरमैन राजकुमार जैन एवं डायरेक्टर अपार जैन का आभार व्यक्त किया।

अपार इंडिया ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस के फाउंडर चेयरमैन राजकुमार जैन ने कहा कि आज दुनियां में तकनीक बड़ी तेजी के साथ बदल रही है। सभी ने देखा कि कोरोना काल में तकनीक के माध्यम से कितना काम हुआ। इसलिए सभी लोगों को टेक्नोलॉजी की नई-नई चीजें सीखनी चाहिए। हंसराज कॉलेज की प्राचार्या डॉ. रमा प्रशंसा की पात्र हैं, जो बच्चों को डिजिटल मार्केटिंग का कोर्स करवाकर उन्हें रोजगार प्रदान करने के लिए भी प्रयासरत हैं।